# एमटीएनएल

# पत्रिका

## एमटीएनएल दिल्ली इकाई

## परिचय

एमटीएनएल दिल्ली में मूलभूत टेलीफोन, ब्राडबैंड, मोबाइल तथा अन्य दूरसंचार सेवाओं का अग्रणी सेवा प्रदाता है । कम्पनी एमएलडीएन, एमपीएलएस, एमएनएस पर आईएसडीएन (पीआरआई तथा बीआरआई), वेब होस्टिंग, लीज सर्किट जैसी सेवाएं भी दे रही है । यह इन्टैलिजेंट नेटवर्क(आइएन) आधारित सेवाएं जैसे सैन्ट्रैक्स तथा टालफ्री नंबर भी देती है । यह दिल्ली महानगर तथा इसके साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के चार नगरों नोएडा, गुडगांव, फरीदाबाद तथा गाजियाबाद में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध करवाती है । मार्च 2016 को एमटीएनएल दिल्ली के पास 24 लाख से अधिक लैंडलाइन, लगभग 7.8लाख ब्राडबैंड तथा 28 लाख मोबाइल कनेक्शन देने की सज्जित क्षमता है ।

## सेवाओं में सुधार लाने के लिए एमटीएनएल दिल्ली इकाई द्वारा किए गए महत्वपूर्ण उपाय

एमटीएनएल दिल्ली इकाई ने अपने नेटवर्क के विस्तार तथा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सुयोग्य मार्गदर्शन में हाल ही में निम्नलिखित कदम उठाए हैं -

1- नए डीएसएलएएम नोड - एमटीएनएल की ब्राडबैंड सेवाओं का उपयोग करने वाले अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए उपभोक्ता के नजदीक छोटे नए डीएसएलएएम नोड लगाने का अभियान शुरु किया गया है इससे इन नोड के आसपास ब्राडबैंड सेवाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है क्योंकि पहले से चले आ रहे तांबे के तार की लम्बाई उपभोक्ता के परिसर तक महत्वपूर्ण रुप से कम हो गई है । अब एक्सचेंज से उपभोक्ता परिसरों तक अधिकांश दूरी आप्टीकल फाइबर केबल पूरी करती है तथा केवल डीएसएलएएम के आगे का थोडा सा हिस्सा ही तांबे का बच जाता

है । जून 2015 से लगाए गए नए डीएसएलएएम की स्थिति तालिका -I में देखी जा सकती है । अभी तक छोटे डीएसएलएएम नोड से लगभग 4000 कनेक्शन कार्य कर रहे हैं तथा ये उपभोक्ता सेवा की अच्छी गुणवत्ता के साथ 8 एमबीपीएस तक उच्चगति ब्राडबैंड का आनंद उठा सकते हैं । बिक्री टीमों तथा उपभोक्ता सेवा केन्द्रों पर कार्य करने वाले कार्मिकों सहित सभी कार्मिक इन स्थानों (लोकेशन) को नोट कर लें तथा इन नोड के आसपास एमटीएनएल की उच्चगति ब्राडबैंड सेवा का प्रचार करें ।

2- **एमटीएनएल दिल्ली इकाई द्वारा एफटीटीएच सेवाएं -** फाइबर टू द होम(एफटीटीएच) सेवाओं में तांबे पर कार्य करने वाले परम्परागत एडीएसएल कनेक्शन की तुलना में कहीं बेहतर डेटा संचार होता है । यह बढी हुई सेवा गुणवत्ता के साथ अधिक बेहतर प्रयोक्ता अनुभव देने में समर्थ है । एमटीएनएल दिल्ली में एफटीटीएच सेवाओं की शुरुआत पूर्व समय में आशाओं के अनुरुप नहीं रही । वर्ष 2011 में इसकी शुरुआत से लेकर मार्च 2015 तक एमटीएनएल दिल्ली इकाई केवल लगभग 1930 एफटीटीएच कनेक्शन दे पाई । एफटीटीएच कनेक्शनों की मांग बढाने तथा नेटवर्क का तेजी से फैलाव करने के लिए एमटीएनएल दिल्ली अब आक्रामक रुप से अनेक कदम उठा रहा है । एफटीटीएच कनेक्शन अप्रैल 2015 में लगभग 1930 कनेक्शनों से बढा कर मार्च 2016 में 3300 कनेक्शन कर दिया गया है, जो एक वर्ष से भी कम की अवधि में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि है ।

- उच्चगति इंटरनेट तथा वॉयस सेवाएं राष्ट्रमंडल खेल गांव में एक अग्रणी आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाने वाली कम्ॅानी के साथ साझेदारी में एफटीटीएच पर प्रारंभ की गई थी, जिसमें कम्पनी द्वारा स्थापित किए गए विद्यमान एफटीटीएच नेटवर्क का उपयोग एमटीएनएल द्वारा खेल गांव परिसर में एमटीएनएल की सेवाएं प्रदान करने के लिए किया गया । एमटीएनएल या बीएसएनएल द्वारा पहली बार साझेदार के साथ ऐसी व्यवस्थाएं की गई हैं जिसमें साझेदार द्वारा ओएलटी तथा ओएनटी तक उपलब्ध करवाई गई हैं तथा एमटीएनएल को एफटीटीएच नेटवर्क लगाने के लिए कोई पूंजीगत व्यय नहीं करना पड़ा । निवासियों को अपनी सेवाएं देना शुरु करने के लिए एमटीएनएल द्वारा निकटतम एक्सचेंज से केवल दो फाइबर परिसर में लाने की ही जरुरत होती है ।
- उपभोक्ताओं को डिजीटल वॉयस के साथ 50 एमबीपीएस तक की ब्राडबैंड गति उपलब्ध करवाई गई है । इस परिसर में लगभग 140 उपभोक्ता नए ब्राडबैंड उपभोक्ता के रुप में अथवा परिसर मे उपस्थित वर्तमान सेवा प्रदाता के यहां से स्थानांरित होकर पहले ही एमटीएनएल की सेवाएं ले ली हैं ।
- एमटीएनएल दिल्ली इकाई दिल्ली के अन्य भागों जैसे द्वारिका, आईपी एक्सटेंशन, रोहिणी इत्यादि में भी इसी माडल पर एफटीटीएच सेवाएं शुरु करने के लिए साझेदारों के साथ समझौता करने की प्रक्रिया में है ।
- एमटीएनएल निगम कार्यालय में भी एफटीटीएच सेवाएं देने के लिए राजस्व सहभागिता मॉडल पर साझेदारों के चयन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति को अंतिम रुप देने की प्रक्रिया में है । इससे एफटीटीएच उपभोक्ता आधार को तेजी के बढाने में सहायता मिलेगी ।

- एफटीटीएच सेवाएं सी-डॉट के प्रौद्योगिकीय समर्थन से फरवरी 2016 में तुगलकाबाद क्षेत्र में शुरु की गई । ये सेवाएं श्री एन0 के0 यादव, (सदस्य सेवाएं) दूरसंचार आयोग तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में माननीय संसद सदस्य श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा शुरु की गई । माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री रमेश बिधूड़ी ने डिजीटल वायस काल करके सेवाओं का उदघाटन किया तथा दिल्ली के नागरिकों को नवीनतम प्रौद्योगिकी पर उच्चगति इंटरनेट उपलब्ध करवाने के एमटीएनएल के प्रयासों की प्रशंसा की ।

- इसके साथ अब 100एमबीपीएस तक की गति का ब्राडबैंड कनेक्शन देना संभव हो गया है । उपभोक्ताओं को 10एमबीपीएस की गति के साथ 790/-रु0 प्रति माह का प्रशुल्क प्लान चयन करने का विकल्प होगा, जिसमें 25जीबी तक डाटा डाउनलोड उसके बाद 1 एमबीपीएस की गति होगी । एफटीटीएच सेवाओं के साथ उपभोक्ता उच्चगति ब्राडबैंड, डिजीटल वायस सेवाएं तथा टीवी सेवाओं को एक ही एफटीटीएच कनेक्शन पर प्राप्त कर सकते हैं ।
- एमटीएनएल दिल्ली इकाई हाल ही में 10,20,50, एमबीपीएस गति के नए एफटीटीएच प्लान शुरु किए है , जिनका विवरण तालिका 2 में देखा जा सकता है ।

## 3 वाई फाई सेवाएं

माननीय संसद सदस्यों के पूरे आवास/कोठी को एफटीटीएच कनेक्शन पर वाई फाई युक्त करने की परियोजना शुरु की गई है तथा यह बहुत ही अग्रिम स्थिति में है । इसके साथ माननीय संसद सदस्य अपने परिसरों के अंदर पीसी,लैपटाप,टैबलेट, मोबाइल फोनों इत्यादि पर निरवाध उच्चगति इंटरनेट कनेक्टिविटी का अनुभव प्राप्त कर सकेगें ।

सार्वजनिक वाई फाई हाट स्पाट उपलब्ध करवाने की एक और परियोजना शुरु की गई तथा यह स्वीकृति परीक्षण की अवस्था में है ।

## वर्ष के दौरान अभी तक का कार्य निष्पादन

एमटीएनएल दिल्ली में वर्ष के दौरान फरवरी 2016 तक कुल 54051 ब्राडबैंड कनेक्शन तथा 53658 लैडलाइन कनेक्शन लगाए गए । इस वर्ष लैडलाइन टेलीफोन औसत खराबी दर फरवरी 2016 तक 743 रही है, जोकि वर्ष 2014-2015 के दौरान 761 थी । लैडलाइन तथा ब्राडबैंड की दोष सुधार की गति में सुधार हुआ है । इस वर्ष अगले दिन टेलीफोन तथा ब्राडबैंड तथा दोष निपटान फरवरी 2016 तक क्रमश: 8548 तथा 8172 रहा है, जोकि पिछले वर्ष क्रमश: 8413 तथा 8014 था । इस वर्ष के दौरान अभी तक 100 प्रतिशत ब्राडबैंड कनेक्शन पिछले वर्ष 9894 की तुलना में बुकिंग के 15 दिन के अंदर लगाए गए हैं ।

**प्रशिक्षण** - दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध संस्थान, आईटीटीएम (पूर्वत: डीटीटीसी), शादीपुर अपने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दूरसंचार प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर प्रणालियों तथा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण तथा कम अवधि के प्रशिक्षण देता है । यह बाहरी उम्मीदवारों को भी प्रशिक्षण देता है, जिससे अतिरक्ति राजस्व उत्पन्न किया जा सके । फरवरी 2016 तक विभिन्न शाखाओं में कुल लगभग 3302 उम्मीदवारो को प्रशिक्षण दिया गया है । माह मार्च 2016 के लिए विभिन्न प्रशिक्षणों की अनुसूची तालिका 3 में उपलब्ध है । इच्छुक कर्मचारी अथवा उम्मीदवार प्रशिक्षण पाठयक्रम का चयन कर सकते हैं तथा अपने नियंत्रक अधिकारियों एवं इकाईयों के माध्यम से अपने नाम भिजवा सकते हैं ।

प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करने तथा अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए कुछ अन्य पहल तथा उपाय किये गए है ।

- बाहरी उम्मीदवारों (छात्रों एवं गृहणियों) के लिए 5 नए पाठयक्रम लागू किये गए हैं :-
  1 ब्राडबैंड तथा वाई फाई(दो दिन)
  2 एफटीटीएच (दो दिन)

3 कम्प्यूटर का ज्ञान (दो दिन)

4 व्यक्तित्व का विकास (एक दिन)

5 ई-सोशल नेटवर्किग

- निम्नलिखित इंजीनियरी कालेजों के छात्रों के लिए उद्यौगिक दौरो का आयोजन किया गया :-

  1 जीएल बजाज इंस्टीयूट आफ टैकनोलौजी 37 विद्यार्थियों का एक दिन का दौरा

  2 द्रौणाचार्य कालेज आफ इंजीनिरिंग से 31 विद्यार्थियों का एक दिन का दौरा

- एमटीएनएल के अधिकारियों को वाई फाई का प्रशिक्षण अपने यहां देने के लिए व्यवस्था किये जाने का कार्य पूर्णत: की ओर है । आईटीटीएम ने वाई फाई प्रयोगशाला स्थापित करने/शुरु करने का कार्य प्रगति पर है ।

## अन्य गतिविधियां तथा पहलें

दिनांक 08-03-2016 को एमटीएनएल दिल्ली ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने कार्मिकों तथा पारिवारिक सदस्यों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया । स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन श्रीमती ऐनी मौरिस, सदस्य वित्त, दूरसंचार विभाग ने किया तथा श्री एन0के0यादव, सदस्य सेवाएं दूरसंचार विभाग एवं अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक एमटीएनएल, श्री सुनील कुमार, कार्यकारी निदेशक दिल्ली तथा एमटीएनएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

आर जी स्टौन यूरोलाजी एवं लेप्प्रोस्कोपी अस्पताल, जोकि एक प्रतिष्ठित संस्थान है, ने ऐसे रोगों का पता लगाने के लिए यूरोलाजी तथा लैप्प्रोस्कोपी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया, जिनके लक्षण दिखाई नहीं देते, इससे पहले कि वे महत्वपूर्ण अंगों को क्षति पहुंचाएं तथा जटिलताएं पैदा करें । स्वास्थ्य शिविर महिला कार्मिकों, उनके पारिवारिक सदस्यों कि बीपी जांच, ब्लड शूगर, केएफटी, एलएफटी जांच निशुल्क की गई । वरिष्ठ परामर्शदाताओं तथा चिकित्सकों ने महिला कार्मिकों द्वारा रखी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उन्हें दी तथा डा0 जया अग्रवाल ने महिला कार्मिकों से यूरोलाजी पर बात की । श्री एन0के0यादव, दूरसंचार विभाग एवं अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक एमटीएनएल, ने विशेष रुप से महिलाओं अच्छे स्वास्थ्य के लाभ पर जोर दिया क्योंकि उन्हें बडी भूमिका अदा करनी होती है उन्होंने विख्यात महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डाला । एमटीएनएल के महिला कार्मिकों ने जांच करवाने के लिए बडी संख्या में शिविर में भाग लिया ।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एमटीएनएल दिल्ली ने ईस्टर्न कोट संचार हाट को महिला संचार हाट परिवर्तित कर दिया । यह संचार हाट अब पूर्ण रुप एमटीएनएल की महिला कार्मिकों द्वारा व्यवस्थित है । इसका उदघाटन श्रीमती मीना चौहान महाप्रबंधक(मानव संसाधन) निगम कार्यालय ने किया ।

## बीटीएस साइट को छुपाना

एमटीएनएल ने माननीय प्रधानमंत्री जी के निवास, 11 रेसकोर्स की छत पर लगे बीटीएस साइट को इस तरह ढका है कि जिससे यह हरियाली का ही हिस्सा लगे तथा सुन्दर दिखे ।

## "1130" एमटीएनएल की एकल उपभोक्ता हेल्पलाइन

एमटीएनएल के उपभोक्ताओं के लिए एक एकल हेल्पलाइन नंबर "1130" शुरु की गई है अब उपभोक्ता किसी भी सेवा प्रदाता के नंबर से भारत के सभी तथा संघ शासित क्षेत्रों से निशुल्क(क्योंकि यह नान मीटर सेवा है) एमटीएनएल की हेल्पलाइन नंबर "1130" से आसानी से जुड सकते हैं । दिल्ली इकाई ने उपभोक्ता हेल्पलाइन में एफटीटीएच सेवाओं का विकल्प शुरु किया है । यह विकल्प '6' के रुप में उपलब्ध है ।

मानकीकृत उदघोषणा की फीडिंग

एमटीएनएल दिल्ली ने एकरुपता के लिए सभी स्विचों में पांचईएसएस, ओसीबी 283 तथा ईडब्ल्यूएस मानकीकृत उदघोषणा शामिल की है ।

एमटीएनएल दिल्ली में नया भुगतान मोड शुरु किया गया

एमटीएनएल दिल्ली ने लैंडलाइन बिल भुगतान प्राप्त करने के लिए लोकप्रिय ई-वोलेट सेवा प्रदाता मैसर्स मोबी क्विक  से समझोता किया है हमारे सम्माननीय उपभोक्ताओं के लिए जनवरी 2016 मे शुरु किया गया यह ई-युग का भुगतान का तरीका प्रायोक्ताओं में अत्यंत प्रसनसित हुआ है ।

इस                                         मैसर्स मोबी क्विक  के माध्यम से इस तरह से प्राप्त भुगतान हमारी बिलिंग प्रणाली में तुरन्त अद्यतन हो जाता है । लगभग 7000 लैंडलाइन बिलों का भुगतान मैसर्स मोबी क्विक  एप्लीकेशान/वैबसाइट माध्यम से केवल माह फरवरी 2016 में ही प्राप्त हुआ है ।

उच्चीकरण नये कनेक्शन के माध्यम से 8एमबीपीएस उपभोक्ताओं में वृद्वि -

एमटीएनएल दिल्ली इकाई में अपने वर्तमान उपभोक्ताओं को उच्चे प्लानों, विशेष रुप 8एमबीपीएस प्लान में उन्नत करने के लिए विशेष प्रयास किये ।  26-11-2015 को 8एमबीपीएस प्लानों में लगभग 1960 उपभोक्ताओं की तुलना में अब उपभोक्ताओं की संख्या 3725 है, जो 3महीनों में लगभग 90प्रतिशत की बढोतरी दर्शाता है ।

एमटीएनएल

पारदर्शिता ही हमारी पहचान है

**http://www.mtnldelhi.in**

सारणी -I:

| | महाप्रबंधक क्षेत्र | छोटा डीएसएलएएम नोड | क्षमता (पोर्ट) |
|---|---|---|---|
| 1 | | सफदरजंग अस्पताल | 128 |
| 2 | | सेवा भवन | 64 |
| 3 | | पुराना जेएनयू | 64 |
| 4 | | आईबी कार्यालय सीएचवाई | 64 |
| 5 | | आईबीएम एसपी मार्ग | 64 |
| 6 | | एच नं0 21, सुनेजा टावर, युसूफ सराय | 64 |
| 7 | | सी-डाट छत्तरपुर | 64 |
| 8 | | सीडब्ल्यूसी | 64 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | | सिलैक्ट सिटी वाक, साकेत | 64 |
| 10 | | बीएसएनएल कार्यालय सीटीएस नेताजी नगर | 64 |
| 11 | | इग्नू | 192 |
| 12 | | स्वामी मूट, सैक्टर-12, आर के पुरम | |
| 13 | | मुनिरका एनक्लेव | 128 |
| 14 | | बीटीएस साइट आईडी-5028 मैक्स अस्पताल साकेत | 64 |
| 15 | | आरजैड-17सी, भवानी कुंज (बीटीएस साइट) आई-328 | 64 |
| 16 | | पोस्ट आपिस, वसंत कुंज(बीटीएस साइट)आई 321 | 64 |
| 17 | | ई 53 महिपालपुर | 64 |
| 18 | | कुतुब आपटमैट, हौज खाज़ | 64 |
| 19 | | डीडीए फ्लैट मुनिरका विहार | 192 |
| 20 | | न्यू मोती बाग ओएलटी रुम | 64 |
| 21 | | आया नगर | 64 |
| 22 | | ब्लाक-9, डिफेन्स आफिसर एनक्लेव, एसपी मार्ग | 64 |
| 23 | | वसंत विहार पुलिस स्टेशन निकट पिलर नं0- वीवीआर 190 | 64 |
| | बीसीपी | कुल | 1856 |
| 24 | | एसपी भवन | 64 |
| 25 | | राजीव गांधी भवन | 48 |
| 26 | | सुप्रीम कोर्ट | 48 |
| 27 | | राष्ट्रपति भवन | 64 |
| 28 | | डीटीसी डिपो मिलेनियम पार्क | 48 |
| 29 | | वाई शापी बिल्डिंग आईटीओ | 128 |
| 30 | | कैथडरल चर्च निकट जीपीओ | 24 |
| 31 | | इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड | 48 |
| 32 | | लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज | 96 |
| 33 | | स्टेटमैन बिल्डिंग | 64 |
| 34 | | आईआर हाल, ईस्टर्न कोर्ट | 48 |
| 35 | | एयर इंडिया बिल्डिंग | 48 |
| 36 | | बीएसएफ बिल्डिंग, सीजीओ काम्पलैक्स | 48 |
| 37 | | सिंधिया हाउस | 48 |
| 38 | | आरएमएल अस्पताल डीएलसी रुम | 48 |
| 39 | | पार्लियामैंट हाउस एनैक्सी | 288 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 40 | | कैलाश बिल्डिंग, केजी मार्ग | 288 |
| 41 | | सोशल वेलफेयर दिल्ली सरकार अम्बेडकर स्टेडियम | 96 |
| | केन्द्रीय | कुल | 1544 |
| 42 | | | |
| 43 | | एआरए सेंटर | 128 |
| 44 | | गंगाराम अस्पताल | 48 |
| 45 | | दिल्ली जल बोर्ड, झंडेवालान दि | 64 |
| 46 | | मेघदूत भवन | 64 |
| 47 | | पंचदीप भवन | 48 |
| 48 | | क0नं0 09, करोल बाग, पुलिस स्टेशन | 48 |
| 49 | | मानक भवन | 48 |
| 50 | | एस0चन्द एंड कम्पनी एंड टूरिस्ट होटल , कुतुब रोड | 60 |
| 51 | | बारा टूटी, सदर बाजार 4937/ 39, वार्ड नं0 13बीटीएस | 60 |
| 52 | | एलजी हाउस | 96 |
| 53 | | आजाद मार्किट ए/14-15, हाथी खाना बीटीएस आईडी-202 | 96 |
| 54 | | ससट्रौमा (सैल आई डी-6525), टी-रुम भूतल | 96 |
| 55 | | बीटीएस 6/2 रिकियूट कोर्ट सिविल लाइन | 96 |
| | ईस्ट | कुल | 952 |
| 56 | | राजीव कालोनी नरेला, निकट रामदेव चौक | 48 |
| 57 | | प्लॉट नं0*4, एलएससी, सैनिक विहार(बीटीएस साइट आईडी 727) | 64 |
| 58 | | म0नं0 228, पुरानी एसबीआई बिल्डिंग, वीपीओ रिठाला (बीटीएस साइट) | 64 |
| 59 | | नया पुलिस लाइन, किंगज़वे कैम्प | 128 |
| 60 | | बीटीएस बुराड़ी सै0-19, निकट प्रधान कालोनी | 60 |
| 61 | | 2062, पुरानी अनाज मंडी आईडी-5578 बीटीएस साइट | 288 |
| 62 | | बुराड़ी आपोजिट एथोरिटी,बुराडी निकट पिलर नं0 428, बीटीएस | 64 |
| 63 | | महिन्द्र कौर, 233 कम्यूनिटी सेटर, अशोक विहार फेज़ 1 | 288 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 64 | | | 64 |
| | उत्तर | कुल | 1068 |
| 65 | | एनएसआईसी, ओखला, फेज़ 3 | 128 |
| 66 | | पुष्पा भवन | 288 |
| 67 | | बालाजी एस्टेट | 288 |
| 68 | | पुराना गार्गी कालेज | 48 |
| 69 | | विमंहस | 36 |
| 70 | | जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय | 48 |
| 71 | | सीएससी मार्किट सुखदेव विहार | 96 |
| 72 | | एसवीआर आफिस काम्पलैक्स | 48 |
| 73 | | एसबीआई आफसिर्स फ्लैट, कैलाश हिल | 64 |
| 74 | | पिलर 147, तिकौना पार्क, ओखला गांव | 288 |
| 75 | | पिलर नं0 447 आउटडोर डीएलसी जौहरी फार्म नूर नगर | 48 |
| | नेहरु प्लेस | कुल | 1380 |
| 76 | | ईडीएमसी आफिस प्लॉट | 64 |
| 77 | | सीबीएसई बोर्ड प्रीत विहार | 128 |
| 78 | | विज्ञापन ग्रुप हाउसिंग सोसायटी | 64 |
| 79 | | सत्यम आपर्टमेंट मयूर विहार फेज़ 3 | 64 |
| 80 | | परवाना अपार्टमेंट | 64 |
| 81 | | सीएससी पीपीजी मधु विहार | 192 |
| 82 | | ए-215, चावला काम्पलैक्स, गली नं0-1 शक्कपुर | 48 |
| 83 | | नीति अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज | 64 |
| 84 | | सीताराम अपार्टमेट आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज | 64 |
| 85 | | अम्बेडकर इंस्टीयूट आफ पालीटेक्नीक शक्करपुर, दिल्ली | 48 |
| 86 | | पेराडायिस अपार्टमेंट, एम | 48 |
| 87 | | जीटीबी अस्पताल | 48 |
| 88 | | सी-57, पी एंड टी कालोनी विवेक विहार | 48 |
| | टीवाई | कुल | 944 |
| 89 | | ककरोला | 48 |
| 90 | | एनपीएल पूसा | 48 |
| 91 | | पिलर 65 श्याम विहार एनजेएफ | 60 |
| 92 | | मीरा बाग बी ब्लॉक | 48 |
| 93 | | 154/4 कृष्णापुरी, विकास पुरी एक्सटेंशन | 48 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 94 | | हम सब द्वारिका/ओएलटी | 48 |
| 95 | | जाफरपुर | 48 |
| 96 | | काजीपुर | 48 |
| 97 | | बीएसएफ कैंप छावला | 48 |
| 98 | | बीटीएस, सीडीएमए, अध्यापक नगर, बी-30, अमनपुरी, नांगलोई | 60 |
| 99 | | बीटीएस(आई-604) अवतार एनक्लेव, ए-5/11, पश्चिम विहार | 60 |
| 100 | | सीडीएमए बीटीएस साइट, ए-83, ककरोला मोड, सेवक पार्क | 60 |
| 101 | | एमईएस कस्टमर सर्विस सेंटर, धौला कुआं, पार्क -1 | 240 |
| 102 | | आर्मी स्माल | 196 |
| 103 | | रक्षा सम्पदा भवन | 48 |
| 104 | | बी-1/4 कम्यूनिटी सेंटर, जनक पुरी, आईडी-536(बीटीएस) | 48 |
| 105 | | जी-13 प्रतिभा टावर कम्यूनिटी सेंटर विकास पुरी | 60 |
| 106 | | डीजीबीआर सिंगनल रुम | 192 |
| | वेस्ट | कुल | 1408 |

<u>तालिका-II: एफटीटीएच प्लान</u>

| विवरण | एफटीएच-790 | एफटीएच-1200 | एफटीएच-1800 | एफटीएच-2990 |
|---|---|---|---|---|
| **बैंडविथ (डाउनलोड गति)** | फेयर यूसेज़ सीमा तक 10 एमबीपीएस, उसके बाद 1एमबीपीएस | फेयर यूसेज़ सीमा तक 20 एमबीपीएस,उसके बाद 2एमबीपीएस | फेयर यूसेज़ सीमा तक 20 एमबीपीएस, उसके बाद 2 एमबीपीएस | फेयर यूसेज़ सीमा तक 50 एमबीपीएस, उसके बाद 5एमबीपीएस |
| **फेयर यूसेज़ सीमा** | 25 जीबी कुल डाटा उपयोग (डाउनलोड अपलोड) | 45 जीबी कुल डाटा उपयोग (डाउनलोड अपलोड) | 80 जीबी कुल डाटा उपयोग (डाउनलोड अपलोड) | 200 जीबी कुल डाटा उपयोग (डाउनलोड अपलोड) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नि:शुल्क नियत आईपी | शून्य | शून्य | शून्य | 4 आईपी का पूल |
| मासिक प्लान नियत सेवा प्रभार(रु0) | 790 | 1200 | 1800 | 2990 |
| तिमाही प्लान नियत सेवा प्रभार(रु0) | 2300 | 3500 | 5300 | 8800 |

<u>तालिका-III: प्रशिक्षण अनुसूची मार्च 2016</u>

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | से | तक | भाग लेने वाले | सीट आबंटन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपभोक्ता सेवा | 01-03-2016<br>22-03-2016 | 02-03-2016<br>23-03-2016 | उपभोक्ता सेवा के0,संचारहाट तथा उपभोक्ता से व्यवहार करने वाले कामिक | 3प्रत्येक महाप्रबंधक |
| 2 | कार्यपालकों के लिए आरटीआई | 23-03-2016 | 23-03-2016 | एमटीएनएल के सभी कार्यपालक | 3प्रत्येक महाप्रबंधक |
| 3 | गैर कार्यपालकों के लिए ब्राडबैंड एडीएसएल | 28-03-2016 | 30-03-2016 | ब्राडबैंड का कार्य देखने वाले सभी गैर कार्यपालक | 4प्रत्येक क्षे0 क्षे0महाप्रबंधक |
| 4 | डीएसएलएएम, बीटीएस पावर प्लांट एवं फाइबर स्पलाइसिंग | 10-03-2016<br>21-03-2016 | 11-03-2016<br>22-03-2016 | सभी उ0म0 अधि0, क0दू0अधि0 तथा उनसे ऊपर | 3प्रत्येक क्षे0 क्षे महाप्रबंधक |
| 5 | गैर कार्यपालकों | 14-03-2016 | 16-03-2016 | टीटीए/दू0मैके0/ | 3प्रत्येक महाप्रबं |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | के लिए एफटीटीएच | | | टैक0 /के0योजक | क्षेत्र |
| 6 | कार्यपालकों के लिए सीसीएस7 | 16-03-2016 | 16-03-2016 | सभी कार्यपालक अधि0, क0दू0अधि0 तथा उनसे ऊपर | 3प्रत्येक महा प्रबंधक क्षेत्र |
| 7 | कार्यपालकों के लिए आइपीवी6 | 22-03-2016 | 22-03-2016 | सभी कार्यपालक अधि0, क0दू0अधि0 तथा उनसे ऊपर | 3प्रत्येक महाप्रबंधक क्षेत्र |
| 8 | एमएस वर्ड | 03-03-2016<br>17-03-2016 | 04-03-2016<br>18-03-2016 | निजी सचिव/ निजी सहायक/दू0कार्या0 सहायक/टीएस/ टीसी /टीटीए एवं समूहग | 3प्रत्येक महा प्रबंधक इकाई |
| 9 | एमएस एक्सल | 09-03-2016 | 10-03-2016 | निजी सचिव/ निजी सहायक/दू0कार्या0 सहायक /टीएस/टीसी/टीटीए समूह ग | 3प्रत्येक महा प्रबंधक इकाई |
| 10 | विन्डा, इन्टरनेट, इमेल,फेसबुक | 21-03-2016 | 22-03-2016 | निजी सचिव/ निजी सहायक/ दू0कार्या0 सहायक/टीएस/ टीसी /टीटीए एवं समूह ग | 3प्रत्येक महा प्रबंधक इकाई |

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय-I), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ,
नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली : 08-03-2016

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक 08-03-2016 को ***अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस*** के अवसर पर एमटीएनएल, दिल्ली ने अपने कार्मिकों तथा परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके यह दिवस मनाया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन **श्रीमती एनी मोरेस, सदस्य (वित्त), दूरसंचार विभाग ने किया** । इस अवसर पर **श्री एन0 के0 यादव, सदस्य (सेवाएं), दूरसंचार विभाग तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल तथा** एमटीएनएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रतिष्ठित एवं अग्रणी संस्थान **आरजी स्टोन यूरोलॉजी तथा लैपरोस्कॉपी अस्पताल** ने ऐसे रोग, जिनके लक्षण प्रकट नहीं होते, इससे पहले कि वे महत्वपूर्ण अंगों को क्षति पहुंचाएं तथा जटिलताएं पैदा करें, का पता लगाने के लिए **यूरोलॉजी तथा लैपरोस्कॉपी स्वास्थ्य शिविर** का आयोजन किया । स्वास्थ्य शिविर में कार्मिकों तथा उनके परिवारजनों के लिए नि:शुल्क बीपी की जांच, ब्लड शूगर, केएफटी, एलएफटी जांच की गई । वरिष्ठ परामर्शदाताओं, डाक्टरों ने महिला कार्मिकों को उनके द्वारा रखी जाने वाली स्वास्थ्य की जानकारी दी । श्री एन0के0यादव, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल ने विशेष रूप से महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लाभ पर भी बल दिया, जिन्हें कि बहुत बड़ी भूमिका निभानी होती है । उन्होंने प्रख्यात महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर एमटीएनएल ने इस्टर्न कोर्ट संचार हाट को **महिला संचार हाट** के रूप में परिवर्तित कर दिया । इस संचार हाट का प्रबंधन अब पूर्ण रूप से एमटीएनएल की महिला कार्मिकों द्वारा किया जाता है । इसका उदघाटन श्रीमती मीना चौहान, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) निगम कार्यालय ने किया ।

**जनसम्पर्क अधिकारी(मीडिया)**

**टेलीफोन निगम लिमिटेड**
**दिल्ली**

तुगलकाबाद, नई दिल्ली
नई दिल्ली : 21-02-2016

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विश्वस्तरीय दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी सेवाएं किफायती कीमत पर उपलब्ध करवाने के अपने मिशन की प्राप्ति में एमटीएनएल, सी-डॉट के तकनीकी समर्थन से तुगलकाबाद क्षेत्र को भी एफ0टी0टी0एच0 (फाइबर टू द होम) सेवाओं से जोड़ रहा है। एफटीटीएच का उपयोग करके एमटीएनएल 100 एमबीपीएस तक की उच्च गति का ब्राडबैंड उपलब्ध करवा सकेगा। उपभोक्ताओं के पास 10 एमबीपीएस की गति से शुरू होने वाले शुल्क प्लान से लेकर 25 जीबी तक के डेटा उपयोग के चयन का विकल्प है, वह भी केवल 790/- रूपये प्रतिमाह के भुगतान पर । एफ टी टी एच सेवाओं के साथ उपभोक्ता एक ही एफटीटीएच कनेक्शन पर 100 एमबीपीएस तक का उच्च गति ब्राडबैंड, डिजिटल वायस सेवाएं तथा टीवी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। एमटीएनएल नवीनतम ओप्टीकल फाइबर प्रौद्योगिकी से आवासीय तथा व्यावसायिक परिसरों की वायरिंग कर रहा है।

माननीय संसद सदस्य (लोकसभा), श्री रमेश बिधूड़ी ने डिजिटल वायस काल करके सेवाओं का उदघाटन किया तथा दिल्ली की जनता को नवीनतम प्रौद्योगिकी पर उच्च गति इन्टरनेट उपलब्ध करवाने के लिए एमटीएनएल की प्रयासों की प्रशंसा की।

श्री एन0 के0 यादव, सदस्य (सेवाएं), दूरसंचार आयोग तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल ने कहा कि एमटीएनएल अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं के लिए वहन कर सकने योग्य कीमतों पर नवीन प्रौद्योगिकी शुरू करने में आगे रहा है । उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट आम नागरिक की मूलभूत जरूरत बन गया है । एमटीएनएल की इस पहल से दिल्ली के नागरिकों की डिजिटल असमानता दूर हो जाएगी तथा यह "डिजिटल-इंडिया" के विजन को पूर्ण करने की दिशा में एक कदम है ।

इस अवसर पर एमटीएनएल के वरिष्ठ अधिकारी श्री पी0 के0 पुरवार, निदेशक (वित्त), श्री सुनील कुमार, निदेशक (मानव संसाधन एवं उद्यम व्यवसाय), श्री सुनील कुमार, कार्यकारी निदेशक, दिल्ली तथा श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक(नेहरू प्लेस) उपस्थित थे।

वाली ब्राडबैंड सेवाओं की गति तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। उपभोक्ता परिसरों के पास लगातार नए डीएसएलएएम नोड लगाए जा रहे हैं। ये नोड ओप्टीकल फाइबर केबल पर मुख्य एक्सचेंज से जोड़े गए हैं। ओप्टीकल फाइबर कनेक्टीविटी तथा छोटे तांबे की केबल के लूप से उपभोक्ताओं को उच्च गति ब्राडबैंड सेवाओं की बेहतर तथा स्थिर गुणवत्ता प्राप्त होती है।

श्री एन0 के0 यादव, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल के नेतृत्व में दिल्ली में पिछले छः माह के दौरान ही 100 नए डीएसएलएएम नोड लगाए गए हैं। इसके साथ इन नोड से जुड़े उपभोक्ता अब 8 एमबीपीएस तक की ब्राडबैंड डाउनलोड गति का लाभ उठाने में समर्थ हैं।

नव वर्ष का स्वागत करते हुए एमटीएनएल ने अपने कुछ प्लानों की डाटा उपयोग सीमा को भी बढ़ा दिया है । अपने लोकप्रिय ट्राईबी-597 असीमित कॉम्बो प्लान में 2 एमबीपीएस की डाटा डाउनलोड सीमा को 629 रू0 के उसी मासिक प्रभार पर 5 जीबी से बढ़ा कर 9 जीबी कर दिया गया है। इस प्लान से वर्तमान उपभोक्ताओं के साथ ही नये उपभोक्ताओं को "पैसे का सर्वश्रेष्ठ मूल्य" प्राप्त होगा ।

**जनसम्पर्क अधिकारी(मीडिया)**

**महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड**

**कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110050**

संख्याः- मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/प्रेस प्रत्युतर/2015-16/

दिनांकः -02-2016

सेवा में,

सम्पादक

सत्यप्रकाश टाइम्स

नई दिल्ली

**विषय:- आपके दैनिक में दिनांक 27-12-2015 को 'महानगर टेलीफोन निगम लि0 के नांगलोई दूरभाष केंद्र पर उपभोक्ता के साथ होता है दुर्व्यवहार पैसै की भी की जाती है मांग" शीर्षक से प्रकाशित शिकायत संबंधी ।**

उक्त शिकायत के विषय में संबंधित क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुख्यालय के सतर्कता दल के साथ मंडल अभियंता(बाह्य) नांगलोई तथा उप मंडल अधिकारी ने संयुक्त रूप से

शिकायतकर्ता श्री अरुण कुमार, निवासी 54 बी, विस्तार-1, नांगलोई के परिसरों का दिनांक 15-01-2016 को निरीक्षण किया।

रिपोर्ट के अनुसार श्री अरुण कुमार ने पुष्टि की कि शिकायत उन्होने की थी। उनके दूरभाष्ा न0 25941258 के लिए किसी ड्रापवायर की आवश्यकता नहीं थी तथा किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा उनसे पैसे की कोई मांग नहीं की गई।

मामले की मुख्यालय सतर्कता द्वारा जांच की जा रही है।

सम्माननीय उपभोक्ता को हुई असुविधा के लिए अत्यधिक खेद है ।

**जनसंपर्क अधिकारी (मीडिया)**

**गर टेलीफोन निगम लिमिटेड**
**कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय एवं विपणन), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ,**
**नई दिल्ली-110001**

**नई दिल्ली : 08-01-2016**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एमटीएनएल ने अपने उपभोक्ताओं को दी जाने वाली ब्राडबैंड सेवाओं की गत‍ि तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। उपभोक्ता परिसरों के पास लगातार नए डीएसएलएएम नोड लगाए जा रहे हैं। ये नोड ओप्टीकल फाइबर केबल पर मुख्य एक्सचेंज से जोड़े गए हैं। ओप्टीकल फाइबर कनेक्टीविटी तथा छोटे तांबे की केबल के लूप से उपभोक्ताओं को उच्च गति ब्राडबैंड सेवाओं की बेहतर तथा स्थिर गुणवत्ता प्राप्त होती है।

श्री एन0 के0 यादव, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमटीएनएल के नेतृत्व में दिल्ली में पिछले छः माह के दौरान ही 100 नए डीएसएलएएम नोड लगाए गए हैं। इसके साथ इन नोड से जुड़े उपभोक्ता अब 8 एमबीपीएस तक की ब्राडबैंड डाउनलोड गति का लाभ उठाने में समर्थ हैं।

नव वर्ष का स्वागत करते हुए एमटीएनएल ने अपने कुछ प्लानों की डाटा उपयोग सीमा को भी बढा़ दिया है । अपने लोकप्रिय ट्राईबी-597 असीमित कॉम्बो प्लान में 2 एमबीपीएस की डाटा डाउनलोड सीमा को 629 रू0 के उसी मासिक प्रभार पर 5 जीबी से बढ़ा कर 9 जीबी कर दिया गया है। इस प्लान से वर्तमान उपभोक्ताओं के साथ ही नये उपभोक्ताओं को "पैसे का सर्वश्रेष्ठ मूल्य" प्राप्त होगा ।

जनसम्पर्क अधिकारी(मीडिया)

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
कार्यालय कार्यकारी निदेशक, खुर्शीदलाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110050
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**एमटीएनएल ने सभी लैंडलाइन ब्राडबैंड उपभोक्ताओं की गति को 512 केबीपीएस से न्यूनतम 2 एमबीपीएस किया।**

नई दिल्ली, 17-09-2015

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित डिजिटल पहल के प्रति वचनबद्व होने के नाते एमटीएनएल ने दिल्ली तथा मुम्बई के सभी ब्राडबैंड उपभोक्ताओं के लिए दिनांक 01-10-2015 से किसी अतिरिक्त लागत के बिना ब्राडबैंड प्लानों की गति 2 एमबीपीएस तक बढाने का निर्णय किया है। यह उपभोक्ताओं के फायदे के लिए एमटीएनएल के लैंडलाइन टेलीफोनों से रात्रि 10-00 से प्रातः 7-00 बजे तक सभी आपरेटरों के नेटवर्क को रात्रि में निशुल्क कॉल करने की पेशकश के क्रम में एक और प्रमुख सेवा संबंधी पेशकश है।

इस गति उच्चीकरण से एमटीएनएल के सभी वर्तमान तथा नये ब्राडबैंड उपभोक्ताओं को लाभ होगा । इस योजना के अंतर्गत एमटीएनएल वर्तमान 512 केबीपीएस, 768 केबीपीएस तथा 1 एमबीपीएस के ब्राडबैंड प्लॉन को 2एमबीपीएस की गति में उच्चीकृत कर रहा है । इस उच्चीकरण के साथ कम मूल्य श्रेणी के एमटीएनएल उपभोक्ता भी सोशल नेटवर्क वेबसाइट जैसे फेसबुक, गुगल, ट्वीटर इत्यादि सहित उच्चगति से इंटरनेट एक्सेस/सर्फ कर सकते हैं, भारी फाइलों को डाउनलोड कर सकते हैं तथा जल्दी एवं तेजी से इंटरनेट ब्राउज कर सकते हैं ।

अब एमटीएनएल एडीएसएल/वीडीएसएल तथा फाइबर आधारित जीपीओएन प्रोद्यौगिकी का उपयोग करके 2एमबीपीएस से 20एमबीपीएस तक की गति की श्रेणी में बहुत ही किफायती दर श्रेणियों मे विभिन्न प्लॉन के साथ ब्राडबैंड सेवाएं उपलब्ध करवाता है ।

त्यौहारों के मौसम की शुरूआत के अवसर पर एमटीएनएल दिनांक 17-09-2015 से एक ब्राडबैंड प्लांन भी शुरू कर रहा है, जिसमें वर्तमान एमटीएनएल लैंड लाइन उपभोक्ता एक महीने के लिए एकदम निःशुल्क ब्राडबैंड सुविधा का आनन्द ले सकते है । इसमें 6 जीबी तक 2 एमबीपीएस की डाउनलोड गति तथा उसके बाद 512 केबीपीएस गति होगी। तथा एक महीने के बाद उपभोक्ताओं के पास यह विकल्प होगा कि वह अपनी पसंद के प्लान में ब्राडबैंड को जारी रखा सकते हैं।

एमटीएनएल लैंडलाइन उपभोक्ता के लिए एक निःशुल्क प्री-पेड मोबाइल कनेक्शन की भी शुरूआत कर रहा है जिसमें उपभोक्ता दिनांक 17-09-2015 से इस लैंडलाइन तथा मोबाइल न0 के बीच असीमित कॉलों का आनन्द ले सकते हैं। प्लान का प्रभार 1101/- रू0 तथा वैधता एक वर्ष रखी गई हैं।

अधिक जानकारी के उपभोक्ता निशुल्क दूरभाष नं0- 1500/1503/22221500 के माध्यम से एमटीएनएल उपभोक्ता सेवा से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा एमटीएनएल की वेबसाइट www.mtnldelhi.in पर देख सकते हैं ।

**जनसम्पर्क अधिकारी(मीडिया)**

एमटीएनएल दिल्ली तथा मुम्बई में एमटीएनएल बडे दूरसंचार सेवा प्रदात्ताओं मे से एक । एमटीएनएल ने गुणवत्तापूर्ण दूरसंचार नेटवर्क स्थापित किया है तथा इसके सुधार पर, नेटवर्क के विस्तार पर तथा आईसीटी एप्लीकेशन के नई दूरसचांर सेवाओं पर ध्यान केन्द्रीत कर

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110050

**टेलीफोन निगम लिमिटेड**
**कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110050**

संख्याः- मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/प्रेस प्रत्युतर/2015-16/
दिनांकः -09-2015

सेवा में,

सम्पादक
जन सत्ता,
नई दिल्ली

**विषयः- आपके दैनिक में दिनांक 07-09-15 को फोन खराब रहने पर भी भेजते हैं बिल शीर्षक से प्रकाशित शिकायत संबंधी ।**

उक्त शिकायत दूरभाष न0 22135580 के उपभोक्ता ने की है। मामले की जांच करवाई गई यह नम्बर ठीक कर दिया गया है तथा अब ठीक ढ़ग से कार्य कर रहा है जिसकी पुष्टि उपभोक्ता से की गई है। किराये में छूट का मामला आवश्यक कार्यवाही हेतू संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है।

सम्माननीय उपभोक्ता को हुई असुविधा के लिए अत्यधिक खेद है ।

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं तत्परता के साथ प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है ।

कृपया इसे हमारे सम्माननीय उपभोक्ताओं के सूचनार्थ प्रकाशित करें ।

**जनसंपर्क अधिकारी (मीडिया)**

**महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड**
**कार्यालय महाप्रबन्धक (उद्यम व्यवसाय), खुर्शीदलाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110050**

संख्याः- मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/प्रेस प्रत्युतर/2015-16/
दिनांकः -09-2015

सेवा में,

सम्पादक
जन सत्ता,
नई दिल्ली

**विषय:- आपके दैनिक में दिनांक 07-09-15 को फोन खराब रहने पर भी भेजते हैं बिल शीर्षक से प्रकाशित शिकायत संबंधी ।**

उक्त शिकायत दूरभाष न0 22135580 के उपभोक्ता ने की है। मामले की जांच करवाई गई यह नम्बर ठीक कर दिया गया है तथा अब ठीक ढ़ग से कार्य कर रहा है जिसकी पुष्टि उपभोक्ता से की गई है। किराये में छूट का मामला आवश्यक कार्यवाही हेतू संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है।

सम्माननीय उपभोक्ता को हुई असुविधा के लिए अत्यधिक खेद है ।

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम सेवाएं तत्परता के साथ प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है ।

कृपया इसे हमारे सम्माननीय उपभोक्ताओं के सूचनार्थ प्रकाशित करें ।

**जनसंपर्क अधिकारी (मीडिया)**

एमटीएनएल में आपका स्वागत है

इंग्लिश के लिए 1 डायल करें हिंदी के लिए 2 डायल करें

आपकी कॉल गुणवत्ता आश्वासन के लिए रिकार्ड की जा सकती है

ब्राडबैड सेवा के लिए 1 डायल करें

जीएसएम सेवा के लिए 2 डायल करें

लैंडलाइन सेवा के लिए 3 डायल करें

निदेशिका पूछताछ सेवा के लिए 4 डायल करें

लैंडलाइन खराबी की शिकायत दर्ज करने के लिए 5 डायल करें

किसी अन्य जानकारी के लिए 6 डायल करें

फिर से सुनने के लिए 8 डायल करें

पिछले मेन्यू में वापस जाने के लिए 9 डायल करें

कॉल को काटने के लिए *7* डायल करें

कृपया सहायता के लिए एजेंट से संपर्क होने तक लाइन पर बने रहें

## कुछ अन्य सम्बोधन, जो रिकार्ड किये जाने है:-

आपने दी गई संख्या से अधिक प्रयास कर लिये हैं ।

आपने सही विकल्प का चयन नहीं किया । कृपया पुन: प्रयास करें ।

आपका विकल्प अभी भी प्राप्त नहीं हुआ है ।

आपकी कॉल हमारे लिए महत्वपूर्ण है । कृपया लाइन पर बने रहें।

**महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड**
**कार्यालय महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं विपणन)**
**नई खुर्शीदलाल भवन दिल्ली -110050**

संख्याः- मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/टेनिग केसस/2015-16/
दिनांकः -05-2015

सहायक महाप्रबन्धक (कार्मिक) मुख्यालय से प्राप्त पत्र सख्याः जीएम(ए)/टेनिग कार्डि./इनसर्विस कोर्स/आइटीटीएम(टे.सरकु.)/ दिनांक-------------2015 के अनुसरण में निम्नलिखित अधिकारियो/कर्मचारियो को दिनांक ------------से दिनांक ------------ तक -------------------------------- के प्रशिक्षण के लिए दिनांक ------------- (अपराहन) को प्रधांनांचार्य (आईटीटीएम) के कार्यालय मे रिपोर्ट हेतु कार्यभार मुक्त किया जाता है।

इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

उप प्रबन्धक (प्रशा0)विपणन

प्रतिलिपि ः-
1- म0प्र0(ओ0पी0एवं मार्केट0) सूचनार्थ ।
2- प्रधानाचार्य(आईटीटीएम),शादीपुर टेलीफोन एक्सचेंज,दिल्ली।
3- उप प्रबन्धक (टेनिंग कार्डि0) एमटीएनएल, दिल्ली।
4- उप प्रबन्धक सम्बन्धित।
5- कर्मचारी सम्बन्धित।
6- कार्यालय प्रतिलिपि।

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं विपणन), कमरा सं0-324, खुर्शीदलाल भवन, जनपथ,
नई दिल्ली-110050

दिनांकः 30-04-2015

दिनांकः 30-06-2015

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं विपणन), खुर्शीदलाल भवन, नई दिल्ली-110050

संख्याः- मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/रिलीस ऑर्डर/एडवर्टाइजिंग/2015-16/
दिनांकः ----------------------

<u>कार्य आदेश संख्या</u>
<u>ओ डब्ल्यू ओ</u>

सेवा में,

-------------------------------
-------------------------------

विषयः- स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन का जारी आदेश

फाइल सं0 मार्केटिंग/एमटीएनएल/नदि/ /2015-16/ के संदर्भ में संक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------- से संबंधित विज्ञापन का पाठ/डिजाइन निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार प्रकाशित करें ।

1- विज्ञापन का प्रकार : --------------------
2- विज्ञापन का आकार :---------------------
3- विज्ञापन का रंग :------------------------

| **प्रकाशन का नाम** | **जारी करने की तिथि** | **कुल लागत(कर सहित)** |
|---|---|---|
| 1:--------------- | ------------------- | -------------------- |
| 2:-------------- | ------------------- | -------------------- |
| 3:-------------- | ------------------- | -------------------- |

इस विज्ञापन को उपरोक्त प्रकाशन में प्रकाशित करने की कुल अनुमानित लागत ------------रु0 (कर सहित) होगी । (-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------)। इस विज्ञापन की कतरन/मुद्रित सामग्री तथा सीडी पर सॉफ्ट कापी इस कार्यालय को दिनांक--------------- अथवा उससे पूर्व इस कार्यालय को भेज दी जाए। उपरोक्त प्रकाशित प्रत्येक विज्ञापन की अलग की गई प्रति (टीयर शीट) के साथ आवश्यक बिल की दो प्रतियां, कार्य आदेश सहित भुगतान हेतु इस कार्यालय को भेजी जाएं तथा बिल का भुगतान प्रकाशित विज्ञापन के वास्तविक आकार, गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा ।

**प्रचार अधिकारी (विपणन)**
**एमटीएनएल, दिल्ली**